Statement

Details of Deep Offshore Blocks proposed to be offered along the East Coast of India under New Exploration Licensing Policy (NELP)

S. No.	*Basin*	*Block Name*	*Area (Sq. Km.)*
1.	Cauvery	CY-DWN-98/1	10,260
2.		CY-DWN-98/2	8,360
3.	Palar	PR-DWN-98/1	14,180
4.	Krishna-Godavari	KG-DWN-98/1	6.440
5.		KG-DWN-98/2	6.620
6.		KG-DWN-98/3	7,280
7.		KG-DWN-98/4	6.840
8.		KG-DWN-98/5	9,260
9.	Mahanadi	MN-DWN-98/1	10,660
10.		MN-DWN-98/2	10,840
11.		MN-DWN-98/3	10,260
12.	North East Coast (NEC)	NEC-DWN-98/1	11,068

उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रसोई गैस का वितरण

415. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री 8 अगस्त, 1998 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 241 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अद्यतन स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रसोई गैस के लिए प्रतीक्षा सूची में कितने व्यक्ति हैं;

(ख) क्या पिछली प्रतीक्षा सूची में शामिल सभी 43330 व्यक्तियों को गैस कनेक्शन मिल गये हैं; और

(ग) इनमें से शहरी और ग्रामीण कनेक्शनों की संख्या कितनी-कितनी है तथा गत 5 वर्षों में पर्वतीय क्षेत्रों से मैदानी क्षेत्रों को कितने कनेक्शन स्थानान्तरित किये गये?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) और (ख) जबकि 1.4.1998 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में पर्वतीय क्षेत्रों में कोई एल पी जी प्रतीक्षा सूची लंबित नहीं थी, वहीं वर्ष 1998-99 के लिए नई एल पी जी नामांकन योजना को अंतिम रूप देने में विलंब के कारण अप्रैल/सितम्बर, 1998 के दौरान कुछ प्रतीक्षा सूची उत्पन्न हो गई है। तेल कंपनियों से प्राप्त सूचना के अनुसार 1.10.98 की स्थिति के मुताबिक उत्तर प्रदेश राज्य में पर्वतीय क्षेत्रों में एल पी जी प्रतीक्षा सूची लगभग 8561 थी।

परिस्थितिकी की दृष्टि से कमजोर पर्वतीय क्षेत्रों में वनों और पर्यावरण के संरक्षण के हित में सरकार ने यह निर्णय लिया है कि 2000 फुट से अधिक की ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में एल पी जी कनेक्शन मांग पर जारी किए जाएं। तदनुसार तेल कंपनियां उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में मांग पर पर्वतीय क्षेत्रों में एल पी जी कनेक्शन प्रदान करने में प्रयासरत है।

(ग) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जारी किए गए एल पी जी कनेक्शनों का ब्यौरा अलग नहीं रखा जाता है। इंडियन आयल कारपोरेशन, जो उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में एल॰ पी॰ जी॰ की आपूर्ति करने वाली मुख्य विपणन कंपनी है, द्वारा जारी किए गए एल पी जी

कनेक्शनों और टर्मिनेशन वाउचरों की संख्या नीचे दी गई है:

वर्ष	जारी किए गए एल पी जी कनेक्शनों की संख्या	टर्मिनेशन वाउचरों की संख्या
1993-94	32960	-
1994-95	55100	11789
1995-96	73953	30112
1996-97	84260	51114
1997-98	96025	37428
योग:	342298	137987

तेलशोधक कारखानों की स्थापना

416. श्री रामजीलाल: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बीना (मध्य प्रदेश) नागपट्टनम (तमिलनाडु) तथा पारादीप (उड़ीसा) में तेलशोधक कारखाने स्थापित करने का निर्णय ले लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब शुरू किया जायेगा और इसे पूरा करने का लक्ष्य क्या है; और

(ग) प्रत्येक तेलशोधक कारखाने की क्षमता क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ग) स्थिति नीचे दर्शाई गई है:

(1) बीना रिफाइनरी: बी पी सी एल को मध्य प्रदेश में बीना में 6 एम एम टी पी ए की क्षमता की रिफाइनरी स्थापित करने के लिए अनुमोदन प्राप्त है। रिफाइनरी का निर्माण कार्य सांविधिक अनुमोदनों के प्राप्त होने के बाद ही आरम्भ किया जाएगा। रिफाइनरी परियोजना के वर्ष 2002 के अंत तक पूरा होने की आशा है।

(2) पारादीप रिफाइनरी: पारादीप रिफाइनरी की स्थापना 9 एम एम टी पी ए की क्षमता से उड़ीसा में आई० ओ० सी० द्वारा की जा रही है। निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद आरम्भ होने की आशा है। इस रिफाइनरी को 4 वर्ष में पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है।

(3) 0.5 एम एम टी पी ए की एम आर एल की नागापट्टनम रिफाइनरी पहले से ही प्रचालन में है।

Production of crude oil

417. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the targets set for the production of crude oil during 1997-98 and 1998-99 (April-September).

(b) how far these targets have been achieved; and

(c) the details of the measures taken by Government to increase production of crude oil?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) & (b) The details of the targets and production of crude oil for the period 1997-98 and 1998-99 (April-September) were as under:—

Crude Oil Production
(Figs. in MMT)

	Target	Achievement
1997-98	34.01	33.858
1998-99 (April-September)	17.075	16.360*

*Provisional

(c) The measures taken to increase the production of crude oil are:—

(i) 3-D seismic survey for better understanding of the oil fields especially to identify the undrained/ by passed oil.

(ii) Developing the necessary infrastructure to facilitate optimum exploitation of reserves.